11 भाजपाईयों ने संगठन मजबूत करने पर की चर्चा



12 पुलिस व नगर परिषद ने हटाए अवैध कब्जे



## खबर संक्षेप

### दहकोरा में ईंट मारकर तोड़ी नाक की हड्डी

**बहादुरगढ़।** गांव दहकोरा में कार सवार दो युवकों ने एक व्यक्ति पर हमला कर दिया। ईंट से उस पर वार किए। हमले में व्यक्ति के नाम की हड्डी टूटने की बात सामने आई है। उसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया। सूचना पाकर पुलिस पीजीआई पहुंची और घायल के बयान लिए। बयान के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायल की पहचान प्रवीण के रूप में हुई है। दहकोरा के निवासी प्रवीण का कहना है कि छह जुलाई को वह शेविंग कराने जा रहा था। रास्ते में एक ऑल्टो कार पास आकर रुकी। उसमें से दो युवक बाहर निकले और गालियां देने लगे। उनमें से एक युवक गांव का ही निवासी सुनील था। वह कहने लगा कि तुमने खेत में पड़ी हुई सीसम क्यों उठाई। मैंने कहा कि मेरे ही खेत की सीसम थी। इतना कहते ही उसने गला दबा दिया और मुक्का मारा। फिर एक और युवक वहां आया। उसने मेरे सिर व नाक पर ईंट मारी। अन्य लोगों ने बीच बचाव कर मुझे छुड़ाया। इस हमले में मुझे काफी चोट आई। मेरे नाक की हड्डी टूट गई और मुझे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। दोनों आरोपी बदमाश किस्म के हैं। मुझे व मेरे परिवार को नुकसान पहुंचा सकते हैं। वहीं आसौदा पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

### शादी का झांसा देकर किया गलत काम, केस

**बहादुरगढ़।** इलाके में प्रवासी मूल की एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर गलत काम करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस को शिकायत दे दी है। जानकारी के अनुसार, प्रवासी मूल की युवती सेक्टर-6 थाने के अधीन लगते एक गांव में परिवार सहित रहती है। पीड़िता ने कहा है कि मुकेश नाम के एक व्यक्ति ने शादी का झांसा देकर नजदीकियां बढ़ाई और अनैतिक कार्य किया। फिर शादी करने से इंकार कर दिया और मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। आरोपी व्यक्ति बिहार मूल का है और आरोपों की सत्यता जांच का विषय है। जांच के बाद ही हकीकत सामने आ सकेगी। फिलहाल पुलिस ने केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है।

### मकान में घुसकर दुष्कर्म का आरोप

**बहादुरगढ़।** सदर थाना क्षेत्र में मकान में घुसकर एक महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपों की सत्यता जांच का विषय है। मामला बाईपास पर लगती एक कॉलोनी का है। यहां की निवासी एक शादीशुदा महिला ने कहा है कि पड़ोस में रहने वाले एक शख्स ने घर में घुस कर उसके साथ दुष्कर्म किया और धमकी दी। महिला द्वारा लगाए गए आरोपों में कितनी सच्चाई है, इसका खुलासा तो जांच के बाद हो सकेगा। फिलहाल सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बंद मकान से नकदी व आभूषण चोरी, केस

**बहादुरगढ़।** लाइनपार के छोटूराम नगर में स्थित एक मकान में चोरी की वारदात हो गई। परिवार घूमने गया हुआ था। इसी दौरान मकान को चोरों ने निशाना बनाया और नकदी तथा आभूषणों पर हाथ साफ कर चंपत हो गए। लाइनपार थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात सत्येंद्र के मकान में हुई है। पुलिस को दी शिकायत में सत्येंद्र की पत्नी अंजलि ने कहा है कि गत 26 जून को हम घूमने गए थे। पीछे से मकान में कोई नहीं था, ताला लगाया गया था। इसी दौरान हमारे बंद मकान को चोरों ने निशाना बनाया। हाल ही में जब हम लौटे तो घर का दरवाजा खुला हुआ था। यह देख हम दंग रह गए। अंदर गए तो सारा सामान अस्त व्यस्त था। अलमारी, बेड आदि खंगाले गए थे। जांच करने पर अलमारी में रखे साढ़े 12 हजार रुपये, सोने की दो अंगूठी, चेन, डोलना, तीन नाक के कोके, कानों के सेट सहित अन्य गहने चोरी हो गए।


# 8 मिनट में 3.50 लाख की चोरी : रात 1.51 मिनट पर दुकान के बाहर पहुंचा चोर 1.57 मिनट पर दुकान के ताले तोड़ नकदी निकाली, 1.59 मिनट पर रफूचक्कर

**बहादुरगढ़ में चोरों के हौसले बुलंद** | **रेलवे रोड पर काठमंडी में राजेश गुप्ता की दुकान में वारदात**


हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

इलाके में चोरों के हौसले बुलंद हैं। आए दिन कहीं न कहीं चोरी की वारदात हो रही हैं। अब यहां रेलवे रोड स्थित एक दुकान में वारदात हो गई। शटर के ताले तोड़कर चोर दुकान में घुसा और करीब साढ़े तीन लाख की नकदी पर हाथ साफ कर गया। सीसीटीवी में यह वारदात कैद हो गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


**वारदात सीसीटीवी में कैद :** वारदात राजेश गुप्ता की दुकान में हुई है। दरअसल, अनाज मंडी के निवासी राजेश का घी-तेल का थोक का व्यवसाय है। उसने रेलवे रोड पर काठमंडी में दुकान कर रखी है। रविवार की देर शाम सात बजे दुकान बंद करके राजेश अपने घर पर चले गए थे। इसी रात को दुकान को निशाना बनाया गया। दुकान संचालक राजेश ने कहा कि सोमवार की सुबह दुकान पर आए तो वारदात का पता चला। शटर के ताले टूटे हुए थे और अंदर शीशे के दरवाजों के लॉक भी टूटे हुए थे। काउंटर का सामान बाहर बिखरा पड़ा था। उसमें रखा करीब साढ़े तीन लाख रुपये का कैश नहीं मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। उधर, सूचना पाकर लाइनपार थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मंगलवार को सीआईए और फिंगर एक्सपर्ट टीम ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की।



बहादुरगढ़। शटर खोलता नजर आ रहा चोर।



बहादुरगढ़। दराज से पैसे निकालता चोर।



बहादुरगढ़। चोरों द्वारा खंगाली गई दराज।

### वारदात की टाइमलाइन

चोरी की यह वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। वारदात को एक ही नकाबपोश चोर ने अंजाम दिया है। रात एक बजकर 51 मिनट पर चोर दुकान के बाहर आया। शटर के ताले तोड़ने के बाद एक बजकर 57 मिनट पर वह अंदर घुसा। इस दौरान तेजी से शीशे के दरवाजों व दराज के लॉक तोड़कर नकदी निकालकर एक बजकर 59 मिनट पर निकल गया। उधर, पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। मामले में जांच की जा रही है। आरोपी तक पहुंचने के लिए आसपास सीसीटीवी फुटेज चेक की जा रही हैं। जल्द से जल्द मामले को सुलझाने का प्रयास है।

# छारा कॉलेज की छत का एक हिस्सा गिरा, शिक्षक व छात्र बाल- बाल बचे

**कॉलेज की मेन एंटरेंस से लेकर कई जगह छत का हिस्सा कंडम होकर गिर चुका**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव छारा के राजकीय महाविद्यालय की जर्जर बिल्डिंग में जियोग्राफी विभाग की छत का एक हिस्सा मंगलवार को गिर गया। कॉलेज प्रबंधन द्वारा जर्जर भवन की रिपेयर के लिए कई बार वरिष्ठ अधिकारियों से पत्राचार किया जा चुका है। कॉलेज की मेन एंटरेंस से लेकर कई जगह छत का हिस्सा कंडम होकर गिर चुका है। लेकिन लोक निर्माण विभाग द्वारा इसकी रिपेयर करने की बजाय अनदेखी की जा रही है। बता दें कि छारा के राजकीय महाविद्यालय की बिल्डिंग इन दिनों अत्यंत जर्जर हालत में पहुंच गई है। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा कई बार इस विषय में पीडब्ल्यूडी विभाग को सूचित किया गया है, और उच्चतर शिक्षा विभाग से इस भवन की मरम्मत के लिए स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है। इसके बावजूद, अब तक मरम्मत कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। ग्रामीण महेंद्र सिंह, अनिल व प्रमोद ने बताया कि छारा के राजकीय महाविद्यालय का भवन जर्जर अवस्था में है। प्राध्यापक डर के साए में छात्रों को पढ़ाते हैं, उन्हें हमेशा हादसा होने का डर बना रहता है। छतों से प्लास्टर टूटकर गिरने लगता हैं, जिस कारण अनहोनी होने का खतरा बना हुआ है। मंगलवार को जियोग्राफी विभाग की छत का एक हिस्सा अचानक गिर गया। गनीमत यह रही कि वहां उपस्थित स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों को कोई चोट नहीं आई। ग्रामीणों ने मरम्मत कार्य को तुरंत प्रारंभ किए जाने की मांग दोहराई।

छत से ऐसे गिर रहा मलबा



**शिक्षक व विद्यार्थी डर के साये में पढ़ने को मजबूर**

- मंगलवार को महाविद्यालय की जर्जर बिल्डिंग में जियोग्राफी विभाग की छत का एक हिस्सा मंगलवार को गिर गया
- प्राध्यापक डर के साए में छात्रों को पढ़ाते हैं, उन्हें हमेशा हादसा होने का डर बना रहता है, ग्रामीणों ने कॉलेज की तुरंत मरम्मत करने की मांग की

**उच्चतर शिक्षा विभाग मरम्मत की प्रशासकीय स्वीकृति दे चुका**

कॉलेज की कार्यकारी प्रिंसिपल डॉ. अनीता दलाल ने बताया कि जर्जर भवन को लेकर विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया था। उच्चतर शिक्षा विभाग ने मरम्मत के लिए प्रशासकीय स्वीकृति भी दे दी है। अब लोक निर्माण विभाग को मरम्मत कार्य शुरू करना है। उन्होंने पीडब्ल्यूडी व प्रशासन से शीघ्रातिशीघ्र मरम्मत कार्य शुरू करवाने का अनुरोध किया।

# एचएसपीसीबी ने नप को थमाया शो कॉज नोटिस

**निरीक्षण के दौरान छोटूराम नगर में सात जगह पड़ा मिला प्लास्टिक का सॉलिड वेस्ट**



बहादुरगढ़। छोटूराम नगर में इस तरह जगह-जगह पड़ा है सॉलिड वेस्ट।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के छोटूराम नगर में अवैध रूप से पड़े पीवीसी कबाड़ को लेकर हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने मंगलवार को नगर परिषद को शो कॉज नोटिस जारी किया है। इस कबाड़ में अक्सर आग लगने से पर्यावरण को बेहद हानि पहुंचती है। इसीलिए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2016 के उल्लंघन का नोटिस देते हुए कारण स्पष्ट करने को कहा गया है। बता दें कि करीब 2 साल पहले एचएसपीसीबी की ओर से अवैध पीवीसी मार्केट को लेकर 38 जमीन मालिकों की पहचान कर उन्हें नोटिस दिए गए थे। मंगलवार को बोर्ड के जेईई सोनू ने छोटूराम नगर इलाके का निरीक्षण किया। वहां 7 विभिन्न स्थानों पर ऐसा सॉलिड प्लास्टिक वेस्ट पड़ा मिला। बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा ने इन सभी स्थानों की लोकेशन व फोटो संलग्न करते हुए नगर परिषद को कारण बताओ नोटिस थमा दिया है।

**ये बोले अधिकारी**

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा ने बताया कि छोटूराम नगर में 7 जगह सॉलिड वेस्ट पड़ा मिला है। इसमें यदा-कदा आग भी लगती रहती है और इससे पर्यावरण को बेहद नुकसान पहुंचता है। उन्होंने दोहराया कि वेस्ट प्लास्टिक को जलाने से प्रदूषण होता है। उनके अनुसार नोटिस का जवाब आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कॉलेजों में खाली सीटों के लिए ओपन काउंसलिंग आज से

**झज्जर।** विभिन्न कॉलेजों की बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए और बीबीए आदि स्नातक कक्षाओं की खाली सीटों को भरने के लिए ओपन काउंसलिंग बुधवार से शुरू होगी। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि जिन विद्यार्थियों का दाखिला पहली और दूसरी मेरिट लिस्ट में नहीं हो पाया, वे अपने सभी दस्तावेजों के साथ ओपन काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं। इसके अलावा जिन विद्यार्थियों ने अभी तक ऑनलाइन आवेदन नहीं किया है, उनके लिए उच्चतर शिक्षा विभाग का एडमिशन पोर्टल दस जुलाई से दोबारा खुलेगा। स्नातक कक्षाओं में 292 दाखिले: डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि नेहरू कॉलेज की विभिन्न स्नातक कक्षाओं में अब तक 292 विद्यार्थियों ने फीस जमा करवाई है। इनमें बीए की 480 सीटों पर 162, बीकॉम की 140 सीटों पर 14, बीएससी फिजिकल साइंस की 300 सीटों पर 17, बीएससी लाइफ साइंस की 80 सीटों पर 23, बीबीए की 80 सीटों पर 19, बीसीए की 80 सीटों पर 45 और बीएससी गणित की 40 सीटों पर 12 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है। इस प्रकार बीए की 318, बीकॉम की 126, बीएससी फिजिकल साइंस की 283, बीएससी लाइफ साइंस की 57, बीबीए की 61, बीसीए की 35 और बीएससी गणित की 28 सीटें खाली हैं। डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि खाली सीटों को भरने के लिए ओपन काउंसलिंग बुधवार से शुरू होगी। इसके बाद 11 जुलाई से 17 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिले होंगे और 18 जुलाई से 24 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के अलावा 100 रुपये प्रतिदिन अतिरिक्त शुल्क लगेगा।

## प्रॉपर्टी डीलर व उसके साथियों को लाठी व डंडों से पीटा

**बहादुरगढ़।** लाइनपार के छोटूराम नगर में दो पक्षों में विवाद हो गया। इस विवाद में लाठी, डंडों से एक पक्ष पर हमला करने की बात सामने आई है, जिसमें कई लोग घायल हो गए। घायल पक्ष की ओर से पांच लोगों पर मारपीट करने, जमीन पर कब्जे का प्रयास करने सहित अन्य आरोप लगाए गए हैं। मामला जमीनी विवाद से जुड़ा है। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में छोटूराम नगर के निवासी जुगनू ने कहा है कि वह पेशे से प्रॉपर्टी डीलर है। भाई अमित, ताऊ का लड़का अजीत भी छोटूराम नगर में उसके साथ प्रॉपर्टी का व्यवसाय करते हैं। हमने सुनील नाम के एक शख्स से छोटूराम नगर में जमीन ली थी। उस जमीन पर प्लॉट काटकर बेच दिए। गत छह जुलाई की शाम को हम तीनों भाई व हमारे साथी रमेश, कुलदीप, मुकेश व सतीश आदि छोटूराम नगर स्थित अपने प्लॉट पर गए। वहां हमने प्लॉट की चारदीवारी के लिए ईंट डलवाई थी। वहां देखा तो कुछ युवक उन ईंटों को साइड में डाल रहे थे। प्लॉट पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। हमने उनसे बातचीत की तो उन्होंने हमारी बात नहीं सुनी। लाठी, डंडों से हम पर हमला कर दिया। उनके कुछ साथी और आ गए। हमारे बचाव में अमित, रमेश व सतीश आगे आए तो उनको गंभीर चोट आई। जब जान बचाने के लिए भागे तो भी रास्ता रोककर मारपीट की गई। फिर हमने 112 पर कॉल की। हमें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर, पुलिस ने शिकायत के आधार पर पांच युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर संगठनों ने बनाई रणनीति, आज अनाज मंडी में जुटेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर बुधवार को की जाने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में विभिन्न यूनियनों के कर्मचारी व पदाधिकारी भाग लेंगे। इसी को लेकर रोडवेज वर्कर्स यूनियन द्वारा डिपो कार्यशाला में एसकेएस, कर्मचारी महासंघ व भारतीय मजदूर संघ आदि यूनियनों के पदाधिकारियों द्वारा मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग के दौरान एसकेएस के यूनियन प्रधान विजय माजरा, कर्मचारी महासंघ के यूनियन प्रधान विक्रम दादनपुर व बीएमएस के यूनियन प्रधान कृष्ण सिवाना ने विचार-विमर्श उपरांत राष्ट्रव्यापी में हड़ताल में शामिल होने का निर्णय लिया। विजय माजरा ने बताया कि हड़ताल के दौरान रखी जाने वाली उनकी मुख्य मांगों में चालकों से डीजल रिकवरी न की जाए, मजदूर विरोधी लेबर कोड रद्द किए जाएं, ठेका प्रथा बंद करने, हरियाणा कौशल रोजगार निगम से हटाए गए कर्मचारियों को वापिस लिए जाने की मांग शामिल रहेगी। इस मौके पर जितेंद्र, करतार सहित अन्य भी उपस्थित रहे। उधर, नगर पालिका सफाई कर्मचारी यूनियन के कर्मचारी भी इकाई प्रधान शिवम चावरिया की अध्यक्षता में अलसुबह डाकखाना परिसर में एकत्रित हुए। उन्होंने हड़ताल में शामिल होने की बात करते हुए कहा कि वे सभी बुधवार को पहले कच्चा बाबरा रोड स्थित नैष्टिक ब्रह्मचारी सुभाष आर्य पार्क में एकत्रित होंगे उसके बाद जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए अनाज मंडी परिसर पहुंचेंगे।



झज्जर। रोडवेज कर्मचारी यूनियन की बैठक में मौजूद कर्मचारी।


**कर्मचारी एकजुट : रामबीर**

सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान रामबीर ने बताया कि राष्ट्रव्यापी हड़ताल में उनके संघ से जुड़ी अनेक यूनियनों के कर्मचारी भाग लेंगे। सभी कर्मचारी यूनियनों के कर्मचारी व पदाधिकारी अनाज मंडी परिसर में एकत्रित होकर अपनी मांगों के लिए आवाज उठाएंगे। इस दौरान मुख्य रूप से बिजली बोर्ड से एएचपीसी, रोडवेज वर्कर्स यूनियन व अन्य संगठन जुटेंगे।

# झज्जर चुंगी पर फास्ट फूड की रेहड़ी के सिलेंडर में आग लगने से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

झज्जर चुंगी पर सोमवार की रात को सिलेंडर में आग लग गई। आग लगने से आसपास मौजूद रेहड़ी संचालकों व राहगीरों में हड़कंप मच गया। जैसे-तैसे आग पर काबू पाया गया। दरअसल, शहर में कई पार्कों के पास शाम के वक्त रेहड़ियों की भरमार हो जाती है। यहां झज्जर चुंगी पर स्थित शहीद राव तुलाराम पार्क की दीवार के साथ भी ऐसी ही स्थिति रहती है। कुछ दिनों पहले भगत सिंह पार्क में हुई हत्या की वारदात से पुलिस ने पार्कों की निगरानी बढ़ाई थी। साथ ही आसपास लगने वाली रेहड़ियों पर भी शिकंजा कसा था लेकिन अब फिर से वही हालात बन गए हैं। झज्जर चुंगी पर शाम के वक्त काफी रेहड़ियां खड़ी हो जाती हैं। जिनमें से कुछ रेहड़ियों की आड़ में शराब भी पी जाती है। सोमवार की रात को यहां एक फास्टफूड की रेहड़ी के सिलेंडर में अचानक आग भड़क गई। कुछ मिनट तक आग का गुब्बार बना रहा। इस वजह से आसपास मौजूद रेहड़ी संचालकों व आम नागरिकों में हड़कंप मच गया। इस दौरान जैसे-तैसे आग पर काबू पाया, जिसके बाद मामला शांत हुआ। लोगों ने कहा कि कुछ दिन तक तो यहां हालात सुधरे थे लेकिन अब फिर रेहड़ियां मुसीबत बन गई है।



बहादुरगढ़। झज्जर चुंगी के पर सिलेंडर से उठता आग का गुब्बार।



# विजय ने टाइटैनिक से की अर्जुन रेड्डी की तुलना

**मुंबई।** साउथ स्टार विजय देवरकोंडा अपनी आगामी फिल्म किंगडम को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस दौरान विजय ने अपनी सबसे बड़ी हिट फिल्म अर्जुन रेड्डी को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि वो नहीं चाहते कि लोग अर्जुन रेड्डी को भूल जाएं। जैसे मैं लियोनार्डो डिकैप्रियो की टाइटैनिक को हमेशा याद रखूंगा, लेकिन, इसका मतलब यह नहीं है कि वह कोई और अच्छा काम नहीं कर सकते या नहीं करेंगे। लेकिन, वह हमेशा इससे जुड़े रहेंगे। इसलिए लोगों का मेरे साथ ऐसा रिश्ता हो सकता है और अर्जुन रेड्डी की वजह से उनका मेरे प्रति लगाव हो सकता है। इसलिए मैंने उस लड़ाई को एक तरफ रख दिया है।

लाइफ Style

# शेफाली

## हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की हुईं दीवानी

शेफाली शाह ने इंस्टाग्राम पर सोमवार रात एक पोस्ट साझा की, जिसमें वह हॉलीवुड एक्टर के अभिनय को जमकर सराहा रही हैं। साथ ही लोगों से एक गुजारिश भी कर रही हैं। आखिर क्यों इस कदर शेफाली शाह पर ब्रैड पिट का खुमार छाया हुआ?

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' रिलीज हुई। यह फिल्म भारत में भी कमाल का कलेक्शन कर रही है। फिल्म की कहानी फॉर्मूला वन रेसिंग के ईद-गिर्द घूमती है। इस फिल्म और ब्रैड पिट की तारीफ शेफाली शाह कर रही हैं। वह अपनी पोस्ट में लिखती हैं, 'अगर आपने फिल्म एफ1 नहीं देखी है, तो अभी जाइए। आपको स्पोर्ट्स में इंट्रेस्ट हो या न हो। चाहे आपको रेसिंग के बारे में कुछ पता हो या न हो, चाहे आपको रेसिंग कारों में दिलचस्पी हो या न हो, बस इसे देखने जाइए। शेफाली शाह आगे अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखती हैं, 'यह फिल्म रेसिंग के बारे में है। लेकिन, यह सफलता और असफलता के बारे में हैं। दोस्ती, जुनून और टीम बॉन्डिंग के बारे में है। फिल्म और इसकी कहानी के बारे में शेफाली तारीफों के पुल बांधती हैं। आखिर में वह लिखती हैं, 'ओह, मैंने ब्रैड पिट बारे में जिक्र नहीं किया? किया भी नहीं जा सकता है, क्योंकि कहने को तो मेरे पास शब्द ही नहीं हैं। ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' के भारतीय बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो इसने अब तक 53.20 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया। इस फिल्म को भारतीय सिनेमाघरों में 11 दिन हो चुके हैं।



हॉलीवुड मसाला



# सुपरमैन 11 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स गन के डायरेक्शन में बनी डीसी सिनेमैटिक यूनिवर्स की रीबूट 'सुपरमैन' फिल्म इस शुक्रवार, 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस बीच अमेरिका में फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग हुई। इसमें कुछ पत्रकार भी शामिल थे। हालांकि, मेकर्स ने फिल्म के रिव्यूज पर रिलीज तक रोक लगा रखी थी, लेकिन अमेरिकी वेबसाइट 'द डेली बीस्ट' ने इस पाबंदी को अनसुना कर 'सुपरमैन' का फर्स्ट रिव्यू शेयर कर दिया। मजेदार बात ये है कि समय रहते मेकर्स ने इसे वेबसाइट से हटवा दिया है।



# डकोटा को क्रिस के साथ लाने के लिए मां कर रही हैं प्रयास

**लॉस एंजिल्स।** डकोटा जॉनसन और क्रिस मार्टिन का अफेयर चर्चा में रहा है। लेकिन, बीते दिन आई इनके ब्रेकअप की खबर ने सबको चौंका दिया है। बताया गया कि कथित तौर पर करीब आठ साल साथ रहने के बाद दोनों ने अपने रिश्ते को खत्म कर दिया है। जबकि पहले की रिपोर्टों में ऐसा दावा किया गया था कि ये फैसला दोनों ने आपसी रजामंदी से लिया है। लेकिन, नई जानकारी के मुताबिक, दोनों के लिए ये ब्रेकअप मुश्किलभरा रहा है। अब डकोटा की मां ने इनके रिलेशनशिप पर रिएक्ट किया है। दरअसल, डकोटा जॉनसन की मां मेलानी ग्रिफिथ इनके ब्रेकअप को मानने के लिए तैयार ही नहीं हैं। उन्हें अभी भी लगता है कि इनका रिश्ता ठीक हो सकता है। 'मेलानी अपनी बेटी डकोटा के क्रिस के साथ इस बिखरे रिश्ते को सही करने की कोशिश कर रही हैं।



# बदनाम होकर भी नाम कमाने का गुमान

**मुंबई।** 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो पर पूरे देश में बवाल मचा था। समय रैना और उस विवादित एपिसोड में आए सभी गेस्ट रणवीर अल्लाहबादिया, अपूर्वा मखीजा और आशीष चंचलानी को आलोचना का सामना करना पड़ा था। लेकिन, अपूर्वा का कहना है कि वो आभारी और खुश हैं कि ये विवाद हुआ। 'बदनाम हुए तो क्या नाम ना होगा...' ये कहावत अपूर्वा पर खूब फब रही है। खुद उनका भी कुछ यही कहना है। कुछ महीने पहले कॉमेडियन समय रैना के यूट्यूब शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' को लेकर जमकर विवाद हुआ था। इस विवादित एपिसोड में शामिल हुईं अपूर्वा को भी खूब खरी-खोटी सुननी पड़ी थी। अब 'द रिबेल किड' का कहना है कि वो बहुत खुश हैं कि ये विवाद हुआ। हालांकि, उन्होंने ये भी खुलासा किया कि अगर ये किसी और के साथ हुआ होता तो सह नहीं पाता।



# स्टार पत्नियों की कहानी दिखाएंगे मधुर

**मुंबई।** अपनी कहानियों के जरिए फैशन और ग्लैमर इंडस्ट्री के पीछे की कहानी दिखाने वाले निर्माता-निर्देशक मधुर भंडारकर अब एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में बॉलीवुड सेलेब्स की पत्नियों की कहानी को दिखाने की कोशिश करेंगे। उनकी फिल्म 'द वाइव्स'बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस महिलाओं के पीछे छिपी अनकही सच्चाई को उजागर करेगी। फिल्म मंगलवार से फ्लोर पर आ गई है। 'द वाइव्स' में सोनाली कुलकर्णी, मौनी रॉय, रेजिना कैसंड्रा, राहुल भट्ट, सौरभ सचदेवा, अर्जन बाजवा और फ्रेडी दारूवाला जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की मंगलवार से शूटिंग शुरू हो गई है। इस फिल्म को लेकर मधुर भंडारकर का कहना है कि 'द वाइव्स' के साथ मैं समाज की एक और ग्लैमरस परत को हटाना चाहता हूं।

टीवी मसाला



# 25 साल बाद सीरियल की वापसी कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई शूटिंग

**नई दिल्ली।** एकता कपूर प्रोड्यूस सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का सीजन भी जल्द टीवी पर टेलीकास्ट होगा। नए सीजन में भी दर्शकों को स्मृति ईरानी और अमर उपाध्याय, तुलसी और मिहिर के किरदार में नजर आएंगे। हाल ही सीरियल में अपनी वापसी के बारे में स्मृति ईरानी ने भी ऑफिशियल स्टेटमेंट दिया है। इन दिनों सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' की शूटिंग चल रही है। मगर, इस शूटिंग को पूरी तरह से सीक्रेट रखा जा रहा है। सेट पर मोबाइल फोन लाने की इजाजत नहीं है। बताया जा रहा है कि सभी एक्टर्स के फोन पर टेप चिपका दिए गए हैं, जिससे कोई जानकारी बाहर न जा सके। सेट पर काम करने वाले सभी लोगों से गोपनीयता का समझौता साइन करवाया गया है। स्मृति ईरानी को जेड-प्लस की सुरक्षा दी गई। नए सीजन की कहानी का जहां तक सवाल है तो इस बार फैमिली इमोशन के साथ सोशल, पॉलिटिकल मुद्दों को भी सीरियल में जोड़ा जाएगा। इस बार सीरियल के महज 150 एपिसोड ही दर्शकों को देखने को मिलेंगे। बताते चलें कि 25 साल पहले 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने लगभग 1000 से अधिक एपिसोड पूरे किए थे। नया सीजन मिड जुलाई में टेलीकास्ट होगा।

## राम गोपाल बजाज बने मंजू देवी के पिता

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' देश की सबसे हिट और पॉपुलर वेब सीरीज रही है, जिसके हर किरदार को दर्शकों ने बेशुमार प्यार दिया है। हाल ही इसका चौथा सीजन आया, जिसकी खूब चर्चा रही। हालांकि, इस पर दर्शकों का



उतना प्यार नहीं बरसा, जितना पिछले तीन सीजन पर बरसा, पर एक नए किरदार ने सबका दिल जीत लिया। ये किरदार न होता, तो शायद 'पंचायत सीजन 4' अधूरा रहता। यह किरदार है नाना जी का, जो फुलेरा गांव की प्रधान मंजू देवी के पिता और बृजभूषण दुबे के ससुर हैं। पर जिसने यह किरदार निभाया, उस एक्टर के बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। एनएसडी वाले भी इनके पैर छूते हैं और दिवंगत स्टार इरफान से इनका कनेक्शन है। यह किरदार एक्टर राम गोपाल बजाज ने निभाया है, जो मशहूर थिएटर डायरेक्टर हैं। उन्होंने नाना जी के किरदार में अचानक से 'पंचायत 4' में एंट्री मारी और हर सीन लूट ले गए। उनकी पंच लाइन और डायलॉग्स ने भी दिल जीत लिया। सोशल मीडिया पर भी नाना जी की ही चर्चा ज्यादा हुई। 'आशीर्वाद कोई जादू-टोना थोड़ी ना है, जैसी करनी वैसी भरनी।', 'जो जैसा काम करेगा, वैसा फल पाएगा'...ये डायलॉग दर्शकों की जुबां पर चढ़ गए।

# रोमांस, म्यूजिक और इमोशन्स से सजी है सैयारा की कहानी



**मुंबई।** यशराज फिल्म्स और मोहित सूरी की जोड़ी पहली बार साथ आई है और उनकी ये पेशकश 'सैयारा' पहले से ही रोमांटिक फिल्मों के प्रेमियों में जबरदस्त हलचल मचा रही है। ट्रेलर के रिलीज के साथ ही ये फिल्म चर्चा में आ गई है। रोमांस, म्यूजिक और इमोशन्स से भरी इस कहानी ने यंग जनरेशन का दिल जीत लिया है। अहान पांडे और अनीत पड्डा इस फिल्म से अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। 'सैयारा' का ट्रेलर जैसे ही सामने आया, सोशल मीडिया पर प्यार की बारिश होने लगी। ट्रेलर में एक युवा कलाकार और उसकी लेखिका के बीच पनपता प्यार दिखाया गया है, जो वक्त के साथ एक भावुक मोड़ लेता है। दोनों डेब्यू कलाकारों की केमिस्ट्री इतनी सच्ची और गहराई लिए हुए है कि दर्शक खुद को रोक नहीं पा रहे। कहानी में जिस तरह से प्रेम, दूरी और दर्द को बुना गया है, उसने लोगों की भावनाओं को झकझोर दिया।

## संगीत बना फिल्म की जान

इस फिल्म का म्यूजिक पहले ही सुर्खियों में है और आलोचकों से लेकर दर्शकों तक सभी इसकी तारीफ कर रहे हैं। सैयारा का टाइटल ट्रैक फ़हीम-अर्सलान की जोड़ी ने कम्पोज किया है और ये श्रोताओं के दिलों में घर कर गया है। जुबिन नौटियाल की आवाज में बर्बाद, विशाल मिश्रा का तुम हो तो, सचेत-परंपरा का हमसफ़र और अरिजीत सिंह व मिथुन की जुगलबंदी में धुन, सभी गाने म्यूजिक चार्ट पर टॉप कर रहे हैं।

# ओटीटी पर इस हफ्ते स्पेशल ऑप्स 2 आप जैसा कोई, मिट्टी समेत 9 नई सीरीज और फिल्में

**मुंबई।** जुलाई के इस नए हफ्ते में जहां सिनेमाघरों में राजकुमार राव एक्शन अवतार में मालिक बनकार आ रहे हैं, वहीं विक्रांत मैसी के साथ शनाया कपूर की डेबयू फिल्म आंखों की गुस्ताखियां भी रिलीज हो रही है। लेकिन, यदि आपका दिल थिएटर जाने का नहीं है, तो ओटीटी पर घर बैठे एक-दो नहीं, बल्कि 9 नई वेब सीरीज और फिल्मों का लुत्फ उठा सकते हैं। इनमें सबसे खास जहां केके मेनन की स्पेशल ऑप्स 2 है, जिसमें वह रॉ अधिकारी हिम्मत सिंह बनकर वापस आ रहे हैं। वहीं, आर माधवन और फातिमा सना शेख की आप जैसा कोई भी रिलीज हो रही है। टोविनो थॉमस की मलयालम एक्शन फिल्म नारिवेट्टा भी हिंदी में आ रही है। वहीं, गांव की सादगी भरी कहानी 'मिट्टी' भी रिलीज हो रही है।



**आप जैसा कोई** : आर माधवन और फातिमा सना शेख की फिल्म आप जैसा कोई लगातार चर्चा में है। अब यह ओटीटी पर इसी हफ्ते 11 जुलाई को रिलीज हो रही है। कहानी एक शर्मीले स्वभाव वाले संस्कृत शिक्षक श्रीरेणु त्रिपाठी की है, जिसकी राहें एक फ्रेंच की टीचर मधु बोस से टकराती हैं। दोनों एक-दूसरे से बिल्कुल उलट हैं। लेकिन, यहां अपोजिट अट्रैक्ट वाला फॉर्मूला काम करता है। दोनों के बीच प्यार पनपता है। पुरातन सोच, उम्र का बंधन, संस्कृतियों की दीवारें टूटती हैं।

**स्पेशल ऑप्स सीजन 2** : केके मेनन तीसरी बार फिर से रॉ एजेंट हिम्मत सिंह बनकर ओटीटी की दुनिया में धूम मचाने आ रहे हैं। नीरज पांडे की बेहद पॉपुलर वेब सीरीज स्पेशल ऑप्स सीजन 2 भी इसी हफ्ते रिलीज हो रही है। इससे पहले हम स्पेशल ऑप्स और स्पेशल ऑप्स1.5' में देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक मिशन की बानगी देख चुके हैं। इस नए सीजन में दुश्मन नए जमाने का है। कहानी सायबर-आतंकवाद पर है। सीरीज में इस बार फिर से जहां हमें करण टैकर, विनय पाठक, मुजम्मिल इब्राहिम, सैयामी खेर और मेहर विज देखने को मलेंगे, वहीं ताहिर राज भसीन और प्रकाश राज की भी एंट्री हुई है।

**मिट्टी: एक नई पहचान** : मिट्टी: एक नई पहचान एक दिल को छू लेने वाली ग्रामीण भारत की कहानी पर बनी है। सीरीज में इश्वाक सिंह, श्रुति शर्मा, दीक्षा जुनेजा, योगेन्द्र टिकू और अल्का अमीन प्रमुख किरदारों में हैं। यह एक ऐसे संसार की झलक है, जो अपनापन और परंपराओं से भरपूर है, लेकिन अब बदलाव की दहलीज पर है। कहानी के केंद्र में शहर का एक सफल विज्ञापन कार्यकारी राघव है, जिसकी जिंदगी तब बदल जाती है, जब वह उस गांव की ओर लौटता है, जिसे वह कभी अपना घर कहा करता था। अपने दादा को अंतिम विदाई देने के लिए शुरू हुआ राघव का यह सफर, धीरे-धीरे एक ऐसी यात्रा बन जाता है जहां उसे फिर से अपने उद्देश्य, अपने लोगों और उस जगह की तलाश है, जिसे वह कभी पीछे छोड़ चुका था। 'मिट्टी' वेब सीरीज गुरुवार, 10 जुलाई को रिलीज होगी।

चाइल्ड आर्टिस्ट इंडस्ट्री में कदम रखने वाली नीतू कपूर ने एक से बढ़कर एक फिल्म में किया काम

# आरके स्टूडियो में मुलाकात, जहरीला इंसान के सेट पर प्यार

*मुंबई। 'माफ करना जमुना मैंने तुम्हें पगली कहा', अगर आप इंस्टाग्राम की दुनिया से परिचित हैं तो इस डायलॉग पर रील आपकी नजरों से जरूर गुजरी होंगी। सोशल मीडिया पर इस पर धड़ाधड़ रील बन रही हैं। बता दें कि यह डायलॉग साल 1968 में आई फिल्म 'दो कलियां' का है। फिल्म में यह डायलॉग जिस बच्ची ने बोला, आज जमाना उसे अभिनेत्री नीतू कपूर के नाम से जानता है। बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट इंडस्ट्री में कदम रखने वाली नीतू कपूर ने एक से बढ़कर एक फिल्म में काम किया है।*

## कॅरियर के शीर्ष पर नीतू सिंह ने लिया शादी का फैसला

नीतू कपूर ने साल 1980 में ऋषि कपूर से शादी रचाई। अभिनत्री जब कपूर परिवार की बहू बनीं, तो वे अपने कॅरियर के शीर्ष पर थीं। ऋषि कपूर के साथ उनकी लव स्टोरी भी कम फिल्मी नहीं। नीतू कपूर शुरुआत में चिंटूजी को पसंद तक नहीं करती थीं। फिर साथ काम करते-करते बातचीत शुरू हुई तो दोनों अच्छे दोस्त बने। यहां तक कि ऋषि कपूर की रूठी गर्लफ्रेंड को मनाने के लिए नीतू सिंह चिट्ठी लिखने में मदद करती थीं। फिर, एक पल ऐसा आया कि दोनों सितारे एक-दूजे को ही दिल दे बैठे।

## ऋषि कपूर को पसंद नहीं करती थीं नीतू

नीतू कपूर और ऋषि कपूर की पहली मुलाकात आरके स्टूडियो में हुई। फिर फिल्म जहरीला इंसान के सेट पर दोनों करीब आए। एक इंटरव्यू के दौरान नीतू कपूर ने बताया था कि, मैं पहली बार उनसे (ऋषि) आरके स्टूडियो में मिली थी, जहां उनकी फिल्म 'बॉबी' की शूटिंग चल रही थी। लेकिन, हमारी ठीक से जान-पहचान फिल्म जहरीला इंसान के सेट्स पर हुई। मुझे पहली बार उनसे मिलकर बिल्कुल अच्छा नहीं लगा। वो मुझे बात-बात पर टोकते रहे और मुझे लगा कि वो एक बहुत ही रूखे इंसान हैं। लेकिन, फिर आहिस्ता-आहिस्ता दोस्ती हो गई और फिर शादी।



## चिंटू जी ने इस तरह कही दिल की बात

ऋषि कपूर और नीतू कपूर की ऑनस्क्रीन जोड़ी भी सुपरहिट रही। 70 के दशक में इनकी जोड़ी दर्शकों के बीच काफी पसंद की गई। ऋषि कपूर और नीतू सिंह के बीच अच्छी दोस्ती का रिश्ता बन चुका था। एक दिन ऋषि कपूर ने नीतू कपूर से पूछा कि वे इतनी फिल्में क्यों साइन कर रही हैं, क्या उन्हें शादी-वादी नहीं करनी है? इस पर नीतू ने जवाब दिया, 'किससे करूं मैं शादी'? बस इसी पल ऋषि कपूर ने अभिनेत्री को प्रपोज कर दिया और कहा, 'मुझसे'। इस तरह दोनों की शादी हो गई। ऋषि कपूर अब इस दुनिया में नहीं हैं। अप्रैल 2020 में उनका निधन हो गया।

## ऋषि कपूर ने प्यार और शादी पर कही थी ये बात

*एक बार दिवंगत एक्टर ऋषि कपूर ने अपनी और नीतू की पहली मुलाकात का किस्सा याद करते हुए कहा था कि 'हम एक-दूसरे के लिए बने थे। बस, जो कहा वो पूरा हो गया। हमारी मुलाकात बहुत जल्दी हो गई थी। जब मैंने अपने कॅरियर की शुरुआत की थी, तब डिंपल कपाड़िया की शादी हो गई थी, ऐसे में मेरे पास काम करने के लिए कोई हीरोइन नहीं थी। इस तरह मैंने नीतू के साथ बहुत सारा काम किया। कभी-कभी तो एक दिन में दो शिफ्ट्स भी किए। एक-दूसरे के साथ हम ज्यादा समय बिताने लगे, जिसकी वजह से हमारे बीच नजदीकियां भी बढ़ने लगीं और हम प्यार में पड़ गए। हम शादी करना चाहते थे। हमारी बड़ी ही नार्मल लाइफ रही है। दूसरे कपल की तरह हमारे बीच भी झगड़े और बहस होते हैं, पर अंत में सब ठीक हो जाता है। हमारे लिए ये सब बहुत आसान रहा है'।*

खबर संक्षेप

## लोगों ने जलापूर्ति साफ होने पर जताया आभार

**बहादुरगढ़।** शहर के वार्ड नंबर-24 में पेयजल आपूर्ति ठीक होने पर स्थानीय निवासियों ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग का आभार जताया है। शिकायत के उपरांत विभाग के सुपरवाइजर सुमित ने मौके पर आकर दूषित पेयजल आपूर्ति को ठीक करवाया। इस पर खुशी जताते हुए बबीता, हेमलता व यशपाल हिंदुस्तानी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से दूषित पेयजल आपूर्ति की जा रही थी, जिससे कुछ हद तक निजात मिल गई है।



झज्जर। शिविर में उपस्थित ग्रामीण एवं स्वास्थ्यकर्मी। फोटो: हरिभूमि

## शिविर में जांचा 52 लोगों का स्वास्थ्य

**झज्जर।** हसनपुर में मंगलवार को आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित इस शिविर में जहां ग्रामीणों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई वहीं जरुरतमंद मरीजों में दवाइयां भी वितरित की गईं। इस दौरान एएमओ डॉक्टर काजल डबास, योगा सहायक नवीन कायत, योगा इंस्ट्रक्टर ममता ने सेवाएं दी। डॉक्टर काजल डबास ने बताया कि शिविर में 52 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। एनीमिया के लिए 79 लोगों की रक्त जांच भी की गई। इस दौरान योग सहायक नवीन कायत ने शिविर में पहुंचे लोगों को योगाभ्यास कराते हुए उन्हें योग से होने वाले लाभों की जानकारी दी। इस मौके पर एएनएम मनीषा, शारदा कुमारी, विक्रम, अनीता, रविना सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। आधार कार्ड बनाने के लिए साथी कैंपेन चलाते हुए पीएलवी व एनजीओ सदस्य। फोटो: हरिभूमि

## साथी अभियान शुरू, बच्चों के बनेंगे आधार कार्ड

**झज्जर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिले में बच्चों के आधार कार्ड बनाने के लिए "साथी" अभियान चलाया जा रहा है। इस विशेष अभियान के ऐसे बच्चों के आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं जिनके अभी तक किन्ही कारणों से आधार कार्ड नहीं बने है। सीजेएम विशाल ने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए विभिन्न ब्लॉकों में तीन पैरा लीगल वालंटियर्स को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो घर-घर जाकर ऐसे बच्चों की पहचान करेंगे। यह अभियान विशेष रूप से उन बच्चों के लिए है जो अभी तक आधार से वंचित हैं ताकि उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण की सरकारी योजनाओं से लाभावित किया जा सके।

# किसानों के साथ किसी प्रकार का अन्याय सहन नहीं किया जाएगा

## किसानों पर हुई बर्बरता की निंदा करते हुए उपायुक्त पाटिल को सौंपा ज्ञापन



बहादुरगढ़। उपायुक्त को ज्ञापन देते महासभा व मोर्चा के पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ सर्व धर्म जाट महासभा व किसान कामगार अधिकार मोर्चा मेवात के किसानों के साथ

मेवात में किसानों पर प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई का किसान व सामाजिक संगठनों ने विरोध जताया है।

इसी कड़ी में सर्व धर्म जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश जाखड़ व किसान कामगार अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव रोहतास दलाल व प्रदेश अध्यक्ष कर्मवीर ने जिला उपायुक्त स्वप्निल रवींद्र पाटिल को ज्ञापन दिया। साथ ही सरकार को चेतावनी दी कि किसानों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय सहन नहीं किया जाएगा। सर्व धर्म जाट महासभा व किसान कामगार अधिकार मोर्चा मेवात के किसानों के साथ है।

## सरकार तानाशाही हथकंडों का प्रयोग कर रही:मांडौठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

मेवात में धरनारत किसानों पर हुई कार्रवाई का ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने विरोध जताया है। गिरफ्तार किसानों के रिहाई की मांग करते हुए उनके मुद्दों का समाधान करने की मांग उठाई है।

संगठन के प्रदेश सचिव जयकरण मांडौठी तथा अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल ने कहा कि रोजका मेव में धरना दे रहे किसानों रात दो बजे पुलिस ने कार्रवाई की। इस दौरान 40 किसानों को गिरफ्तार किया गया और उनके टेंट, बिस्तर तथा अन्य सामान को जबरन उठा लिया गया। सरकार किसानों की जायज मांगों का समाधान करने के बजाय तानाशाही हथकंडों का प्रयोग कर रहा है।

### उचित मुआवजा नहीं मिला

उन्होंने कहा कि 2010 में आईएमटी रोजका मेव में 9 गांवों की 1600 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया गया था। जिसका आज तक किसानों को उतना मुआवजा नहीं मिला, जितने का विश्वास दिलवाया गया था। अतिरिक्त मुआवजे की मांग को लेकर वहां के स्थानीय किसान एक साल से धरने पर बैठे हैं लेकिन सरकार और प्रशासन किसानों के मुद्दों को हल नहीं कर रहे। बीती रात को सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन द्वारा धरने पर पहुंच कर किसानों को गिरफ्तार कर लिया गया। हमारा संगठन इसकी कड़े शब्दों में निंदा करता है।



झज्जर। सड़क निर्माण कार्य का नारियल फोड कर शुभारंभ करते हुए पार्षद जयपाल सिंह बांगड़।। फोटो: हरिभूमि

## पार्षद ने नारियल फोड़कर किया सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ कृष्णा कॉलोनी, तलाव कॉलोनी व आईएनए कॉलोनी की सड़कें होंगी चकाचक

शहर के वार्ड नंबर 18 की कृष्ण कॉलोनी, तलाव कॉलोनी व आईएनए कॉलोनी की सड़कें जल्द ही चकाचक होगी। इसके लिए नगरपरिषद द्वारा भारी भरकम राशि खर्च की जा रही है। वार्ड पार्षद जयपाल सिंह बांगड़ ने नारियल फोड़ कर सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी भी मौजूद रहे। वार्ड पार्षद जयपाल ने बताया कि ये तीनों कॉलोनियां सरकार द्वारा अभी वैध की गई है। इसलिए इन कॉलोनियों में विकास कार्यो की सबसे ज्यादा आवश्यकता है। कॉलोनी निवासियों द्वारा अपनी समस्याओं को बताया गया। लोगों की समस्याओं को नप प्रशासन और चेयरमैन के संज्ञान में लाया गया। जिसके बाद इन तीनों कॉलोनियों की विभिन्न गलियों का निर्माण कार्य शुरू हो पाया। वहीं नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने कहा कि पूरे शहर का समुचित विकास करवाना उनकी प्राथमिकता है। शहर के सभी वार्डो में विकास कार्य करवाए जा रहे है। जिस भी वार्ड से पार्षद या आमजन के स्तर पर भी कोई समस्या बताई जाती है, उनका समाधान करवाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नप जेई अतुल सहित अन्य भी मौजद रहे।

# पर्यावरण के असंतुलन का परिणाम बढ़ती गर्मी

## सिकंदरपुर में एक पेड़ मां के नाम मुहिम के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। सिकंदरपुर के खेल स्टेडियम परिसर में पौधरोपण करते हुए मुख्यातिथि घनश्याम शुक्ला।

क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर में मंगलवार को एक पेड़ मां के नाम मुहिम के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जटेला धाम के महंत राजेंद्र दास ने वन विभाग व ग्राम पंचायत के सहयोग से गांव के खेल स्टेडियम परिसर में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में घनश्याम शुक्ला प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन विभाग हरियाणा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम की शुरुआत सत्संग, अखंड पाठ तथा आरती से की गई। महंत राजेंद्र दास ने लोगों को पेड़-पौधों के महत्व से अवगत कराते हुए उनसे कहा कि एक पेड़ की सेवा करना दस संतानों को पालने के बराबर है। आज पौधारोपण एक सामाजिक व आध्यात्मिक अनुष्ठान बन गया है। इस दौरान ग्रामीणों ने सैंकड़ों पौधे लगाकर उनकी सेवा करने की शपथ ली। महंत राजेंद्रदास ने बताया कि जटेला धाम नितानंद फाउंडेशन व उनके अनुयायियों द्वारा शुरू किए गए पौधारोपण के इस महायज्ञ में हरियाणा के प्रत्येक गांव में कम से कम 225 पेड़ लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यातिथि घनश्याम शुक्ला ने पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आज दिन-प्रतिदिन बढ़ती हुई गर्मी पर्यावरण असंतुलन का ही परिणाम है। हमें आने वाली पीढ़ियों व पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए के ज्यादा से ज्यादा पौधा रोपण करना होगा। उन्होंने महंत राजेंद्रदास की पौधारोपण रूपी मुहिम में विभाग की तरफ से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान जिले की उपवन सरंक्षक डॉक्टर रेनूबाला ने भी लोगों से स्थानीय प्रजातियों के पौधे लगाने का आह्वान करते हुए उन्हें वन विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर महेंद्र बंसल, वन राजिक अधिकारी कुलदीप शर्मा, जिला समन्वयक आशीष कादियान, पूर्व नगर पार्षद शीशपाल मलिक सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## आईटीआई गुढ़ा में 28 को मिला जॉब ऑफर लेटर



झज्जर। चयनित विद्यार्थियों के साथ कंपनी अधिकारी एवं संस्थान प्राचार्य। फोटो: हरिभूमि

**झज्जर।** आईटीआई एट गुढ़ा परिसर में मंगलवार को प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिस मेले में चयनित 28 विद्यार्थियों को ऑफर लेटर प्रदान किए गए। प्राचार्य एवं जिला नोडल अधिकारी जीतपाल ने बताया कि अप्रेंटिस मेले का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण के बाद वास्तविक कार्य अनुभव का अवसर प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें रोजगार से जोड़ना है। इस रोजगार मेले में कोपा, मैकेनिक डीजल, वेल्डर तथा वायरमैन व्यवसायों के विद्यार्थियों का साक्षात्कार किया गया। इस दौरान सभी 28 चयनित विद्यार्थियों को व्यक्तिगत रूप से ऑफर लेटर सौंपे गए, और उनको बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## आरईडी स्कूल छुछकवास में पोस्टर के माध्यम से विद्यार्थियों ने दिया नशा मुक्त रहने का संदेश

**झज्जर।** आरईडी स्कूल छुछकवास में मंगलवार को नशामुक्ति पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत जहां विद्यार्थियों के बीच पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता कराई गई वहीं शिक्षकों व विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने व समाज के अन्य लोगों को जागरुक करने की शपथ ली। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने नशे के दुष्परिणामों को उजागर करते हुए प्रभावशाली पोस्टर तैयार किए। प्राचार्या सरिता मल्हान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां नशा उन्मूलन के प्रति जागरूकता फैलाने में सहायक होती हैं और समाज व विद्यार्थियों में नैतिक व सामाजिक मूल्यों का विकास करती हैं। शाखा प्रमुख सुनील कादियान ने कहा कि इस अभियान से विद्यार्थी न केवल स्वयं सजग होंगे बल्कि समाज में भी सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक बनेंगे।

## एलए सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अंतर सदनीय प्रश्नोत्तरी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



**झज्जर।** एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में मंगलवार को अंतर सदनीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में तीसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। एचओडी पुष्पा यादव के नेतृत्व में सभी बच्चों ने अपने-अपने सदन को विजेता बनाने का प्रयास किया। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधक केएम डागर व स्कूल प्राचार्या निधि कादियान द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा व अध्यापिका मंजू शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रतियोगिता के महत्व को समझाते हुए उन्हें विभिन्न स्पर्धाओं में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया व नीलम दहिया ने विद्यार्थियों को सही ज्ञान प्राप्त करने को लेकर जागरुक किया। इस मौके पर स्कूल एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव, अध्यापिका आशु, प्रिया सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## शिव ग्रुप सब्जी मंडी का कांवड़ सेवा शिविर 18 से 22 तक चलेगा



**झज्जर।** शिव कावड़ सेवा शिविर समिति द्वारा मंगलवार को बाबा कांशीगिरी मंदिर परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। कांवड़ सेवा शिविर समिति प्रमुख मनोज चुघ ने बताया कि गायत्री मंत्र से शुरू हुई बैठक में झज्जर-सांपला मार्ग पर शुरू किए जाने वाले 12वें विशाल कावड़ सेवा शिविर के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने बताया कि 18 से 22 जुलाई तक शिविर लगाया जाएगा। इस मौके पर श्रीवीर हनुमान सेवा समिति के प्रधान सुभाष वर्मा, सुधांशु हंस, पंडित पवन कौशिक, बाबा कांशीगिरी मंदिर समिति के उपप्रधान राजकुमार चुघ, वीके शर्मा, योगेश रंजन, सुनील चुघ, कोषाध्यक्ष सुधांशु हंस, भारत भूषण नंदा, भवित वर्मा, उमंग खुराना, सुभाष वर्मा, नयन हंस, प्रिंस सेठी, राघव रंजन, हेमंत हंस, देवेश शर्मा, दिनेश, विनोद भूटानी, शिवम तनेजा, राजेंद्र वधवा, पंकज भारद्वाज, ध्रुव सेठी, कृष्णा हंस, तरुण वर्मा आदि मौजूद रहे।



झज्जर। कार्यक्रम में एकत्रित विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## विद्यार्थियों ने ली नशा मुक्त रहने की शपथ

हरिभूमि न्यूज. झज्जर

■ एचडी स्कूल में नशा मुक्त भारत पखवाड़े के अंतर्गत मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया

एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में मनाए जा रहे नशा मुक्त भारत पखवाड़े के अंतर्गत मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने श्यामपट्ट पर अनेक गतिविधियों से सरकार द्वारा चलाई गई इस अनूठी पहल में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम में रिटायर्ड प्रिंसिपल नित्यानंद जाखड़ ने बतौर मुख्यातिथि तथा एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा एवं हेमंत गुलिया ने विशिष्टातिथि के रूप में शिरकत की।

विद्यालय की बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने लघु नाटिका प्रस्तुत कर नशे से दूरी बनाए रखने का संदेश दिया। मुख्यातिथि नित्यानंद जाखड़ ने मौजूदा जन समूह को नशे से होने वाली हानियों से अवगत कराया। डायरेक्टर रमेश गुलिया ने कहा कि युवा पीढ़ी में बढ़ती नशे की लत हमारे समाज के लिए चिंतनीय है। नशा व्यक्ति को दीमक की तरह अंदर से खत्म कर देता है। यह अनेक बुराइयों की जड़ है। पारिवारिक कलह, पैसे का नुकसान, मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना, आपसी झगड़े व द्वेष भावना इन सबके पीछे नशा ही प्रमुख कारण है। उन्होंने कहा कि समाज में शांति, आपसी भाईचारा और प्रेम भाव बढ़ाने के लिए नशे को आज से ही ना कहना पड़ेगा। इस दौरान शिक्षकों व विद्यार्थियों ने नशे से मुक्त रहने की शपथ भी दिलाई गई।

## एक दिवसीय हैप्पीनेस योग शिविर का आयोजन

# योग-ध्यान मानसिक अनुशासन के लिए अनिवार्य: संदीप राज्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। सहकारी बैंक मुख्यालय में योग के टिप्स देते हुए प्रशिक्षिका चांदनी अरोड़ा।

दी झज्जर केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के मुख्यालय स्थित मीटिंग हॉल में एक दिवसीय हैप्पीनेस योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य कर्मचारियों को तनावमुक्त जीवन, मानसिक मजबूती व सकारात्मक कार्य संस्कृति के लिए प्रशिक्षित करना रहा। कार्यक्रम में बैंक के कार्यवाहक चेयरमैन राजबीर देशवाल बतौर मुख्यातिथि, जबकि स्थापना अधिकारी संदीप राज्याण ने अध्यक्षता की।

शिविर का संचालन प्रमुख प्रशिक्षिका चांदनी अरोड़ा ने किया। राजबीर देशवाल ने कहा कि सकारात्मक सोच नियमित दिनचर्या और मानसिक अनुशासन से ही हम अपने कार्यस्थल को ऊर्जावान बना सकते हैं। योग केवल शरीर की नहीं, सोच की भी कसरत है। वहीं संदीप राज्यान ने कहा कि योग और ध्यान मानसिक अनुशासन के लिए अनिवार्य हैं। ऐसे आयोजन कार्यक्षमता, संयम और आत्मनियंत्रण को बढ़ाते हैं। प्रशिक्षिका चांदनी अरोड़ा ने माइंड फुलनेस मेडिटेशन, बॉडी स्कैन योग, साउंड थेरेपी और ऊर्जा पुनर्भरण प्राणायाम जैसी विधियों से प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया। उन्होंने कहा कि तनाव बाहर से नहीं आता, यह हमारी सोच पर आधारित होता है। यदि हम हर परिस्थिति को शांत मन से लें तो जीवन आसान हो जाता है। लोकेश शर्मा ने कहा कि यह मेरे जीवन का पहला ऐसा अनुभव रहा जब मैंने अपनी श्वासों को इतने ध्यान और गहराई से महसूस किया। आज का अभ्यास मेरे लिए केवल एक योग सत्र नहीं, बल्कि आत्मबोध की एक नई शुरुआत रही। इस दौरान कृष्ण गुलिया, ईश्वर सिंह, आनंद प्रकाश, अमित गुलिया, सुंदर सिंह, जितेंद्र सिंह, जगदीश कादियान, सुखबीर पुनिया, अशोक कुमार, विजय कुमार, अनूप गहलोत, रेखा दलाल, पूजा यादव, सीमा शर्मा, रेखा खत्री, कुलदीप सिंह, सुरेंद्र सिंह, मनीषा चौपड़ा, सचिन धनखड़ सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## भाजपाइयों ने संगठन मजबूत करने को लेकर बैठक में बनाई रणनीति



बहादुरगढ़। कानौंदा मंडल पदाधिकारियों से चर्चा करते दिनेश कौशिक। फोटो: हरिभूमि

**हादुरगढ़।** भाजपा कानौंदा मंडल की एक बैठक मंगलवार को भाजपा विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक की अध्यक्षता में सेक्टर-2 स्थित कार्यालय में हुई। इसमें अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। कौशिक ने कानौंदा मंडल अध्यक्ष सुदेश रंगा को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद (एनसीएसएसटी) की झज्जर जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बधाई दी। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा भी मुख्यतौर पर उपस्थित रहे। भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने कहा कि संगठन ने अभी तक जो जिम्मेदारी हमें सौंपी है, हम सभी उस पर खरा उतरे हैं। सदस्यता अभियान, तिरंगा यात्रा, मन की बात कार्यक्रम आदि में कार्यकर्ताओं ने बखूबी जिम्मेदारी निभाई है। भविष्य में भी संगठन को मजबूत करने के लिए सभी एकजुट होकर कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अपनी नायाब सोच व नेक कार्यों से लोगों में विशेष छाप बनाई है। दिनेश कौशिक ने मुस्कान को कानौंदा मंडल में सचिव और ज्योति को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेवारी सौंपी। इस अवसर पर अरविंद, राहुल खत्री, रेनू खैरपुर, जयकिशन छिल्लर, संजय पाराशर व मनजीत आदि मौजूद रहे।

NOTICE

It is for general information that I Jyoti w/o shri Vikas residing H. No. 46/23 Gali no. 4 Mahavir Park Bahadurgarh Jhajjar 124507 declare that name of mine has been wrongly written as Jyoti Chhillar in my minor son's namely Puskar Chhillar aged 17 years in his educational documents(10th & 12th). The actual name of mine is Jyoti which may be amended accordingly.

सूचना

मैं, रोहित छिक्कारा (Rohit Chhikara) पुत्र श्री नरेन्द्र छिक्कारा निवासी छाज्जू बडा कानौंदा (33) बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा-124507 बयान करता हूं कि मेरे तमाम कागजातों में मेरा नाम रोहित (Rohit) और मैं अब अपना सरनेम एड करवाना चाहता हूं। भविष्य में मुझे रोहित छिक्कारा (Rohit Chhikara) के नाम से जाना व पुकारा जाए।

कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़
नोटिस आम जनता

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कृष्णा देवी पत्नी श्री नान्हु राम निवासी वार्ड नंबर-21 बराही रोड बहादुरगढ़ द्वारा Online NDC Portal पर Property ID No 3B9MA665 Ward No. 21 कॉलोनी बराही रोड टीचर कॉलोनी जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ में नाम का कॉलम रिक्त है में नाम दर्ज व वर्ग गज 100 से 100 वर्ग गज करवाने हेतू Online Application No. 0186017063 द्वारा अप्लाई किया है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति नं. 3B9MA665 वार्ड नंबर-21 कॉलोनी टीचर कालोनी पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर परिष्द बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करे। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पति नंबर 3B9MA665 वर्ग गज प्रार्थी कृष्णा देवी पत्नी श्री नान्हु राम के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी,
नगर परिषद बहादुरगढ़।

## खबर संक्षेप



झज्जर। हनुमान चालीसा पाठ का गायन करते हुए श्रद्धालु।

### आनंददास आश्रम में सत्संग आज, भंडारा कल

**झज्जर।** शहर के कोसली रोड स्थित आनंद दास आश्रम में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आश्रम के महंत अजय दास महाराज ने बताया कि वीरवार की सुबह यज्ञ-हवन के बाद जहां भंडारे की शुरूआत की जाएगी वहीं बुधवार की शाम सत्संग का आयोजन कर गुरु की महिमा का गुणगान किया जाएगा। मंगलवार की शाम को भी साध-संगत द्वारा हनुमान चालीसा पाठ का संगीतमय वाचन किया गया। इस दौरान महाराज अजय दास ने कहा कि गुरु की महिमा अनंत होती है। समाज में गुरु को भगवान के बराबर दर्जा दिया गया है। उन्होंने युवाओं से भी धार्मिक आयोजनों में भाग लेने का आह्वान किया।

### अमरजीत कादयान बने युवा इनेलो जिलाध्यक्ष

**झज्जर।** अमरजीत कादयान को युवा जिला अध्यक्ष झज्जर मनोनीत किया गया है। इसे पहले पार्टी के लिए किए गए कार्यो व अनुभव को देखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने अपने युवा के जिला अध्यक्ष दायित्व देने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा, डबवाली के विधायक आदित्य देवी लाल, सुनैना चौटाला, युवा राष्ट्रीय प्रभारी करण चौटाला, रनिया विधायक अर्जुन चौटाला, युवा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गोस्वामी, जिला अध्यक्ष सतपाल पहलवान, शीला नफे सिंह राठी का आभार व्यक्त करते हुए कहा की पार्टी ने जो जिम्मेवारी दी है उसे पर पूरे विश्वास और मजबूती के साथ काम करेंगे और जिले में इनेलो का युवा संगठन तैयार करेंगे और इस संगठन में हर गांव से युवा साथियों को जोड़ा जाएगा।

### बाइक की टक्कर से प्रवासी की मौत

**बहादुरगढ़।** गांव रोहद में बाइक की चपेट में आने से एक प्रवासी व्यक्ति की मौत हो गई। इस संबंध में आरोपी बाइक सवार के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मंगलवार को आसौदा थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। मृतक की पहचान करीब 55 वर्षीय अशोक के रूप में हुई है। अशोक मूलतः यूपी के आजमगढ़ का रहने वाला था। दिहाड़ी मजदूरी करने के लिए यहां आया हुआ था। जानकारी के अनुसार, रविवार की शाम को वह रोहद में सड़क किनारे बैठा था। इसी दौरान एक बाइक सवार ने उसको टक्कर मार दी। इस टक्कर में उसे काफी चोट आई। अस्पताल में ले गए तो ईलाज के दौरान मौत की पुष्टि कर दी गई। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कराई।

राज्यस्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के विजेताओं को मंत्री विपुल गोयल ने किया प्रोत्साहित

# लड़कों में झज्जर व लड़कियों में गुरुग्राम के तैराक छाए

- लड़कों में झज्जर व लड़कियों में गुरुग्राम के तैराक छाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़





बहादुरगढ़। विजेता तैराकों को सम्मानित करते केबिनेट मंत्री विपुल गोयल व अनिल खत्री। फोटो : हरिभूमि

42वीं सब जूनियर और 52वीं जूनियर राज्य तैराकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन झज्जर के लड़के बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टॉप रहे। जबकि लड़कियों में गुरुग्राम की तैराक छाई रही। झज्जर के लड़के 114 अंकों के साथ प्वाइंट्स टेबल में अग्रणी रहे और गुरुग्राम की लड़कियां 229 अंकों के साथ टॉप पर बनी हुई हैं। लड़कों में झज्जर पहले, फरीदाबाद दूसरे और अंबाला तीसरे स्थान पर है। लड़कियों में गुरुग्राम पहले, सोनीपत दूसरे और हिसार तीसरे स्थान पर है।

शहर की एचएल सिटी की चैंपियंस एक्वेटिक एकेडमी के स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में चल रही प्रतियोगिता के दूसरे दिन राजस्व और नगर निकाय मंत्री विपुल गोयल ने तैराकों को आशीर्वाद दिया। हरियाणा तैराकी संघ के महासचिव अनिल खत्री ने स्वागत उपरांत उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किया। झज्जर के वीर दलाल ने 800 मीटर फ्री स्टाइल में गोल्ड, गुरुग्राम के देवेश खरब ने सिल्वर और झज्जर के आरव धनखड़ ने कांस्य पदक जीता। झज्जर के सक्षम ने 400 मीटर फ्री स्टाइल में गोल्ड, फरीदाबाद के दर्श ने सिल्वर और झज्जर के मयंक तुषिर ने कांस्य पदक जीता। झज्जर के रोहित लाठर ने 100 मीटर बैक्स्ट्रोक में गोल्ड, विहान ने सिल्वर और पलवल के इशांत ने कांस्य पदक हासिल किया। गुरुग्राम के कृष जैन ने 200 मीटर आईएम में गोल्ड, अन्नत गुलिया ने सिल्वर और रिजुल भारद्वाज ने कांस्य पदक जीता। फरीदाबाद के आरेज आसिफ ने 100 मीटर बैक्स्ट्रोक में गोल्ड और सोनीपत के अनव मालिक ने सिल्वर मेडल जीता। झज्जर के तैराक जयवर्धन राव ने 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में गोल्ड हासिल किया।

लड़कियों की 200 मीटर आईएम में गुरुग्राम की साम्या सिंगारी ने गोल्ड और फरीदाबाद की हर्षिखा जुल्का ने सिल्वर मेडल जीता। ईवा गुप्ता ने 800 मीटर फ्री स्टाइल में गोल्ड और आशिमा सिंह ने सिल्वर मेडल जीता। स्तुति चैटर्जी ने 400 मीटर फ्री स्टाइल में गोल्ड और रोहतक की हर्षिता ने सिल्वर मेडल हासिल किया। गुरुग्राम की एलिशा सरोहा ने 100 मीटर बैक्स्ट्रोक में गोल्ड, ईवा गुप्ता ने सिल्वर और आशिमा सिंह ने कांस्य पदक जीता।

गुरुग्राम की सेरेना सरोहा ने 100 मीटर बैक्स्ट्रोक में गोल्ड और इरा तनेजा ने सिल्वर मेडल जीता। इस दौरान वार वेटरन महेंद्र पहलवान, रवि सिंगारी, सुरेश जून, सुनील खत्री, दिनेश खत्री, बलवान कादयान, कोच साई जाधव, पदमपाल, प्रकाश कादयान, एके पंडित, विनोद, रामस्वरूप शर्मा, विकास, अनिल ढुल, रविन्द्र पन्नू और विजयपाल आदि मौजूद रहे।

# खेल व खिलाड़ियों के उत्थान में जुटी सरकार : विपुल गोयल

- स्विमिंग पूल में टच पैड लगाने के लिए मंत्री ने स्वैच्छिक कोष से 21 लाख देने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। प्रदेश भर से आए तैराकों को संबोधित करते मंत्री विपुल गोयल।



बहादुरगढ़। मंत्री विपुल गोयल को स्मृति चिह्न भेंट करते अनिल खत्री व अन्य। फोटो : हरिभूमि

प्रदेश के राजस्व, आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय एवं नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को सुविधाएं देने और प्रोत्साहित करने में अग्रणी है और रहेगी। वे मंगलवार को बहादुरगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने पहुंचे थे। केबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि हरियाणा तैराकी संघ के अध्यक्ष एवं सांसद धर्मवीर सिंह और हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष अनिल खत्री के निरंतर प्रयासों से हरियाणा के तैराक नेशनल लेवल पर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने विजेता तैराकों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी सरकार की खेलो इंडिया और हरियाणा सरकार की खेल नीति से खेल और खिलाड़ियों के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। पदक विजेता खिलाड़ियों को खेल नीति के अनुसार कैश अवॉर्ड और सरकारी नौकरी दी जा रही है। उन्होंने आयोजकों की मांग पर तैराकों की सुविधा के लिए टच पैड खरीदने के लिए अपने ऐच्छिक कोष से 21 लाख रुपए देने की घोषणा की। प्रतियोगिता में पहुंचने पर महेंद्र पहलवान ने कैबिनेट मंत्री का पगड़ी बांधकर स्वागत किया। पत्रकारों से बातचीत में मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि प्रदेश में अपराध और अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं है। सीएम भी इस पर कड़ा रुख अपना चुके हैं। एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी निकायों में अगले दो महीने के अंदर सफाई के टेंडर लगा दिए जाएंगे और लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने पटवारियों की वायरल लिस्ट पर किए गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि नियमानुसार प्रशासनिक अधिकारियों को कार्रवाई करने का अधिकार दिया गया है। इस अवसर पर एडीसी जगनिवास, एसडीएम नसीब कुमार, रवि सिंगारी, सुरेश जून, प्रवीण धनखड़, सुनील खत्री, दिनेश खत्री, बलवान कादयान व कोच साईं जाधव आदि मौजूद रहे।





बहादुरगढ़। रोहतक रोड पर कब्जे हटाती नगर परिषद की जेसीबी।

# पुलिस व नगर परिषद ने हटाए अवैध कब्जे

- कब्जा करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

पुलिस और नगर परिषद ने मिलकर मंगलवार को अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। इस कार्रवाई में दिल्ली-रोहतक रोड पर अवैध कब्जों को हटाया गया। सड़कों और फुटपाथों पर किए गए कब्जे जेसीबी की मदद से हटाए गए। नगर परिषद के एमई जोगेंद्र सिंधु ने बताया कि यह कार्रवाई शहर को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से की गई है। मंगलवार को नगर परिषद की टीम ने यातायात पुलिस के साथ मिलकर रोहतक रोड पर अवैध कब्जों को हटाया। यह संयुक्त कार्रवाई शहर के अन्य हिस्सों में पहले भी की जा चुकी है। इसी क्रम में मंगलवार को यह विशेष अभियान चलाया गया। एसीपी दिनेश कुमार ने बताया कि अतिक्रमण के विरुद्ध यह सख्त कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी।

> नगर परिषद के एमई जोगेंद्र सिंधु बोले- शहर को स्वच्छ बनाएंगे

## वैश्य बीएड कॉलेज में तरु तरंग अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़





- प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा जी के मार्गदर्शन में छात्राओं ने चीकू, जामुन, अमरूद, अनार, आम इत्यादि विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए

बहादुरगढ़। काठमंडी में पौधे लगाते सत्यनारायण अग्रवाल व डॉ. आशा शर्मा।

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ के ईको क्लब द्वारा मंगलवार को तरु तरंग अभियान की शुरुआत की गई। प्राचार्या डॉ आशा शर्मा की अध्यक्षता में काठ मंडी में पौधे लगाकर अभियान शुरू किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा जी के मार्गदर्शन में स्वयंसेविकाओं ने चीकू, जामुन, अमरूद, अनार, आम इत्यादि विभिन्न प्रकार के फलदार पौधे लगाए। कॉलेज प्रधान सत्यनारायण अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए पेड़ लगाना आज की आवश्यकता है। साथ ही यह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अनमोल उपहार है। हमें अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर इस धरती को हरा-भरा और स्वस्थ बनाने में योगदान देना चाहिए। डॉ. आशा शर्मा ने बताया कि यह अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इनकी नियमित देखभाल और संरक्षण के लिए एक विस्तृत योजना भी बनाई गई है। हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ों को लगाना चाहिए और उनकी रक्षा करनी चाहिए। स्वयंसेविकाओं ने भी पौधारोपण कर उनके संरक्षण के लिए समुदाय के लोगों से अपील की। इस अवसर पर एनएसएस प्रोग्राम कोआर्डिनेटर डॉ अन्नू शर्मा, वाईआरसी. प्रभारी सुनीता रानी, अजय व अनीता समेत स्वयंसेविकाएं मौजूद रही।

# आईटीआई में एडमिशन का दूसरा चरण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहादुरगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के एडमिशन के लिए प्रथम चरण की प्रक्रिया पूरी हो गई है। प्रथम वरियता सूची में कुल 250 अभ्यर्थियों को आईटीआई बहादुरगढ़ आवंटित हुई थी, जिसमें से 150 अभ्यर्थियों ने रिपोर्ट किया और 119 अभ्यर्थियों ने दाखिला ले लिया। दाखिले के नोडल वर्ग अनुदेशक देवेंद्र नरवाल ने बताया कि अब द्वितीय प्रवेश चरण की रिक्त सीटों की सूची ऑनलाइन पोर्टल पर 9 जुलाई को प्रकाशित की जाएगी। अभ्यर्थी ट्रेडो की रिक्त सीटों पर अपना विकल्प का चयन ऑनलाइन पोर्टल पर 9 और 10 जुलाई को कर सकते हैं। द्वितीय मेरिट एवं सीट अलॉटमेंट सूची 11 जुलाई को ऑनलाइन पोर्टल पर प्रकाशित की जाएगी। दूसरी मेरिट सूची में चयनित अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन 11, 12 और 14 जुलाई को किया जाएगा और उसके बाद अभ्यर्थी अपना दाखिला शुल्क 11 से 15 जुलाई तक जमा कर सकेंगे। प्रिंसिपल गीता आर सिंह ने बताया कि औद्योगिक इकाइयों में कुशल युवाओं की बहुत आवश्यकता है। औद्योगिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आज के युवाओं का आकर्षण कौशल विकास की तरफ बढ़ रहा है। छात्रों का कौशल निर्माण आज की औद्योगिक परिस्थितियों व जरूरतों को मध्यनजर रखते हुए किया जाता है। आईटीआई के बाद छात्रों को रोजगार के उज्ज्वल अवसर मिलते हैं।

## बहादुरगढ़ में अवैध कॉलोनी का रोड नेटवर्क किया ध्वस्त

**बहादुरगढ़।** जिला नगर योजनाकार विभाग की ओर से अवैध कॉलोनियों में कार्रवाई की जा रही है। हर सप्ताह किसी न किसी जगह बुल्डोजर चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को डीटीपी की टीम ने ओमेक्स ग्लेरिया के नजदीक सराय औरंगाबाद में दस्तक दी। यहां करीब दो एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में रोड नेटवर्क ध्वस्त कर दिया गया। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते कार्रवाई में किसी तरह का खलल उत्पन्न नहीं हुआ। इस दौरान अधिकारियों ने कॉलोनाइजरों को अवैध प्लॉटिंग न करने की नसीहत दी। वहीं आम नागरिकों को भी जागरूक रहने की अपील की है।





बहादुरगढ़। कच्चे रास्ते को ध्वस्त करती जेसीबी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# डीजी हेल्थ के दौरे को लेकर अस्पताल में हो रही तैयारी



बहादुरगढ़। ट्रामा सेंटर में स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

- नागरिक अस्पताल की सफाई व्यवस्था को ठीक किया जा रहा

डीजी हेल्थ की ओर से बुधवार को बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल का दौरा किया जाएगा। इसे देखते हुए अस्पताल प्रबंधन हरकत में है। मंगलवार को दिनभर प्रबंधन तैयारियों में जुटा नजर आया।

अस्पताल की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के साथ साफ-सफाई और मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया। अस्पताल में डीजी हेल्थ के दौरे के मद्देनजर पीएमओ मंजू कादियान, प्रशासनिक अधिकारी देवेंद्र मेघा सहित अन्य अधिकारियों ने विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मंगलवार को अस्पताल प्रशासन पूरा दिन स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने में जुटा रहा। वार्डों के निरीक्षण के बाद मंजू कादियान ने ट्रामा सेंटर का भी निरीक्षण किया। पीएमओ कादयान ने यहां तैनात स्टाफ से बातचीत करते आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अस्पताल प्रबंधन की इन तैयारियों को देखकर मरीज व तीमारदार भी हैरान थे। तीमारदारों का कहना था कि स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों को महीने में कम से कम एक बार अस्पताल का निरीक्षण जरूर करना चाहिए। निरीक्षण भी ऐसा हो कि अस्पताल प्रबंधन को इस खबर न हो, ताकि यहां की व्यवस्थाओं के हकीकत का पता चल सके।

## आंदोलनरत किसानों को धरनास्थल से हटाने के विरोध में ज्ञापन देने पहुंचे किसान

- रोजकामेव में चल रहा किसानों का आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर



झज्जर। लघु सचिवालय परिसर में एकत्रित किसान। फोटो : हरिभूमि

नूंह में शांतिपूर्वक धरना दे किसानों को प्रशासन द्वारा वहां से जबरन हटाए जाने के संबंध में भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के पदाधिकारी डीसी को ज्ञापन देने के लिए लघु सचिवालय पहुंचे। यहां ग्रीन बेल्ट एकत्रित हुए किसानों ने बताया आंदोलनरत किसानों को जबरन हटा कर उनमें मुकदमे दायर किए जा रहे हैं जो गलत है। डीसी को सौंपे ज्ञापन में बताया गया है कि नूंह के रोजकामेव में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शातिंपूर्वक धरना दे रहे किसानों को बीती सात जुलाई की रात प्रशासन द्वारा एचएसआईडीसी से मिलकर धरना स्थल से हटा दिया। उनका संगठन इसकी कड़े शब्दों में निंदा करता है। किसानों के साथ ज्यादती हुई है। इस मौके पर कर्मबीर दहिया, जसवंत, संदीप कुमार, वीरेंद्र, जितेंद्र सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## जिले में वाहनों पर डीजे बजाने और हॉकी बैट व अस्त्र-शस्त्र रखने पर प्रतिबंध

**झज्जर।** जिलाधीश स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कावड़ यात्रा के दौरान ध्वनि प्रदूषण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिले में वाहनों पर डीजे व साउंड सिस्टम रखने और हथियारों के प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत पारित किया गया है। यदि कोई व्यक्ति इस आदेश की अवहेलना करता पाया गया तो उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे आदेश की पालना सुनिश्चित करें।



स्वप्निल रविंद्र पाटिल, जिलाधीश झज्जर।